महत्वपूर्ण एवं खास

ग्राम गुड़ेली- टिमरलगा में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

गुडेली। रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध गौण खनिज ग्राम गुडेली-टिमरलगा में दरसअल इन दिनों जोरों से अवैध सट्टेबाजी और खुलेआम शराब विक्रय किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने शराब तस्करों पर सख्ती से कार्रवाई करने और शराब की अवैध बिक्री पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश का आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन कितना पालन कर रहा है, इसका सहज ही अंदाजा इस खबर से लगाया जा सकता है। प्रदेश में शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने ठेका प्रथा को बंद कर दिया है, और सरकारी तंत्र के माध्यम से शराब बिक्री किया जा रहा है। सरकारी दुकानों से शराब बिक्री होने के बावजूद लोकल कोचिया गली-मोहल्लों में डेढ़ से दो गुना ज्यादा कीमत पर शराब बेच रहे हैं, जिसकी जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही का नहीं होना प्रश्नचिन्ह बना रहा है। शराब की अवैध बिक्री बड़े ढाबों, रेस्टोरेंटों और होटलों में धड़ल्ले से चल रही है। अवैध शराब बेचने वालो से हर माह वसूली किए जाने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों से ज्यादा दाम पर शराब बिकवाई जाकर भी वसूली की जा रही है। इनकी अवैध कमाई का जरिया यही समाप्त नहीं होता है, बताया तो यह भी जा रहा हे कि, शराब दुकानों के समीप लगने वाले चखना सेंटर से लेकर, ठेले वालों से भी हर माह वसूली की जा रही है और जो ठेले वाले या चखना सेंटर पैसा देने से इंकार करते है उन्हें दुकान लगाने नहीं दिया जाता है।

खडी ट्रक को पीछे से ट्रक ने मारी ठोंकर युवक घायल

रायगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र जूटमिल चौकी क्षेत्र छातामुड़ा चौक टाटा मोटर्स के पास खड़े ट्रक को पीछे से ट्रक द्वारा ठोकर मारे जाने का मामला सामने आया है। जिसमे दुर्घटनाकारित वाहन कि ठोकर से वाहन चालक वाहन में ही फस गया । ओडिशा की ओर से आ रही ट्रक चालक ने लापरवाही वाहन का चालन करते हुए पीछे से ठोकर मार दिया जिससे दुर्घटनाकारित वाहन का सामने से परखच्चे उड़ गए। साथ ही वाहन में वाहन चालक नदीम झारखंड निवासी फंस गया। उक्त घटना को देख स्थानीय लोगो ने तत्काल पुलिस को सुचित किये जिस पर मौके पर आई डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगो की मदद से ट्रक के चालक को वाहन के खिडकी से बाहर निकाला गया जिसे संजीवनी वाहन की मदद से मेकाहारा लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। विदित है कि छातामुड़ा बायपास में वाहनों को ट्रक मालिक व चालक द्वारा बेतरतीब तरीके से रोड किनारे खड़े कर रखते है। जिससे रोड तो संकरा होता है साथ ही दुघर्टना भी होते रहता है।

बालिकाओं को जीवन कौशल आत्मनिर्भरता के बारे में दी गई जानकारी

रायगढ़। राज्य कार्यालय से रूम टू रीड के परियोजना विजयी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोजेक्टर कार्डिनेटर सुश्री से.बी. शर्मा द्वारा जिले के घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम-कया आश्रम शाला एवं लैलूंगा के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय झगरपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भरता तथा विषम परिस्थिति से किस प्रकार आगे निकलकर जीवन कौशल शिक्षा और निर्णय लेने की क्षमता, शारीरिक परिवर्तन और अपने भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करना प्रोजेक्ट विजयी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन के रमेश देवांगन, लैलूंगा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जी.एस. जाटवर, बीआरसी लैलूंगा समय लाल चन्द्रा उपस्थित थे।

क्रशरों की धूल से लोग परेशान व क्रशर मालिकों द्वारा शासन की निर्धारित नियमों का खुला उल्लंघन

(चन्द्रिका भास्कर की रिपोर्ट)

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला विकासखंड बरमकेला अन्तर्गत आने वाले कटंगपाली, साल्हेओना मे स्थापित क्रशर मालिकों की दबंगई तक सामने आई जब मीडिया टीम खबर कवरेज के लिये क्रशर पहुंची। मीडिया टीम को देखते ही क्रशर में उपस्थित लोग बैखला गये। जैसे ही क्रशर का वीज़वल बनाना चालू किये, वैसे ही क्षेत्र में स्थापित क्रशर मालिकों का झुंड पहुंच गया और क्रशर के अन्दर आने का परमिशन दिखावो कहने लगा और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मीडिया टीम पर चढाई करना चालू कर दिए। तत्पश्चात मीडिया कर्मियों के द्वारा वहीं से एस.एस नाग को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई, जिसमें उनका साफ साफ कहना है कि हमारे विभाग से सम्बंधित किसी भी उद्योग मे जाने के लिए मीडिया को किसी से परमिशन लेने की आवश्यकता नहीं है। वहीं क्रशर मालिकों द्वारा मिडिया टीम के सभी सदस्यों का नाम, पता पूछताछ करने लगे और गन्दी गन्दी गाली गलौज करते हुए वसूली करने का झूठा आरोप लगाते हुए छः - सात क्रशर मालिकों ने जातिगत गाली गलौज़ करते हुए मारने पीटने की बात करने लगे तब मीडियाकर्मियों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। वहीं हम आपको बता दे की क्रशरों को स्थापित हुए नव- दस वर्षों से लगातार शासन द्वारा निर्धारित नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए

रात दिन क्रशर संचालन किया जा रहा है। वहीं क्रशरों में वर्षों से चल रहे अवैध खनन के साथ अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। भण्डारण क्षमता से अधिक क्रशरों मे अवैध डोलोमाइट स्टाक में रखा हुआ है, तो वहीं लीज क्षेत्र की खनन की बात करें तो शासन की नीति, निर्देश एवं नियमों को ताक पर रख कर संचालन किया जा रहा है। जिसकी जानकारी बाहर आने से क्रशर मालिकों को तकलीफ हो रही है।

श्रमिकों का स्वास्थ्य व जान का किया जा रहा खिलवाड़

श्रमिकों व क्रशर स्टाफों की बात करें तो किसी का बीमा और सूरक्षा का कोई व्यवस्था यहां नहीं है न ही उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है।

क्रशरों द्वारा राजस्व की चोरी

क्रशर स्थल डायवर्सन क्षेत्रों से बाहर है जिससे राजस्व चोरी और व शासन की निर्धारित नियमों का खुला उल्लंघन उनके द्वारा किया जा रहा है।

पर्यावरण नियमों का खुला उल्लंघन

क्रशरों में कभी भी पानी का छिडकाव नहीं किया जाता, न ही वृक्षारोपण किया गया है, जिससे हमेशा धुल के गुब्बारे उडते रहते है जिससे क्षेत्रवासियों को कई गंम्भीर बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के पेड़-पौधे पहचान मे नहीं आ रहे

क्रशरों से निकलने वाली धूल ने आसपास के वृक्षों को अपनी चपेट मे ले लिया है, पहचान तक नहीं आ रहा है कि कौन सा पौधा है? वहीं किसानों का कहना है की पानी का छिड़काव न होने और क्रशरों से निकलने वाले धूल की वजह से खेतों का उत्पादन क्षमता दिनों दिन घटता जा रहा है और पहले की आपेक्षा बहुत कम उत्पादन हो रहा है।

गायनिक वार्ड बेहाल एक बिस्तर में दो प्रसूता जच्चा बच्चा दोनों की जान पर खतरा

रायगढ़। मेडिकल कालेज अस्पताल अपनी बदइंतजामी के कारण सुर्खियों में बना रहता है। जिसमें गायनिक वार्ड में प्रसूति के लिए आये प्रसूताओं को अव्यवस्थाओं से जूझना पड़ता है। जिसमें गायनिक वार्ड में एक बिस्तर दो महिला मरीज को रखकर प्रबंधन इलाज करने व मरीज इलाज कराने को मजबूर है। जिसका दंश प्रसूता व नवजात शिशु के जीवन पर कई तरह का खतरा बना रहता है।

देखा जाए तो मेकाहारा गायनिक वार्ड में तीनों वार्ड में 68 बिस्तर है जिसमें अमूमन नार्मल डिलीवरी वार्ड में मरीजो की संख्या अधिक होने के कारण प्रसूताओं को एक बिस्तर में दो से तीन मरीजो के बीच इलाज करवाना पड़ता है। यही हाल सिजेरियन का परंतु इस वार्ड में ऐसी स्थिति कम ही बनती है। इसके पीछे अस्पताल प्रबंधन अधिक मात्रा में प्रसूताओ के आने पर व स्थान छोटा होने पर उक्त स्थिति उत्पन्न होने की बात कह रहे है। इस तरह मरीजो को जब तक इलाज लेना होता है उन्हें पूरे अव्यवस्था के बीच दिन रात गुजारना पड़ता हैं। जो जच्चा बच्चा की जान पर आफत बन सकता है यह कहना गलत नही होगा।

इंफेक्शन का बना रहता है खतरा

नवजात एक्सपर्ट शिशुओं के डाक्टर एएम श्रीवास्तव के मुताबिक प्रसूता व नवजात को भीड़ भाड़ वाले इलाके में समान्यतः जन्म के पखवाड़े भर बाद भी दूरी बनाए रखना चाहिए, अगर इस तरह रक बिस्तर में रखना दोनों के जीवन पर खतरा बना रहता है इसमें सबसे अधिक इंफेक्शन का की आशंका रहती है। वही इस बात से मेकाहारा प्रबंधन से लेकर अस्पताल में मौजूद नर्स डाक्टर भी मान रहे है किंतु उक्त व्यवस्था के आगे सभी पस्त है।

समय से पहले डिस्चार्ज का मामला

मेकाहारा गायनिक वार्ड में कई बार समय से पहले डिस्चार्ज करने का मामला भी सामने आ चुका है जिसमें डाक्टर व नर्स केवल व्यवस्था बनाने के लिए सामान्य डिलीवरी में जन्मे बच्चे को छुट्टी दे देते है ।

सारंगढ़ के ग्राम बोरीदा में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 अप्रैल से

रायगढ़। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति सारंगढ़ ईकाई के अगवाई में रायगढ़ जिले के सारंगढ़ तहसील से 12 किलोमीटर दूरी में बोरीदा नामक ग्राम है जहां 1 अप्रैल से पहली बार राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कराया जा रहा है। धड़कन को तेज करने वाली इस प्रतिस्पर्धा में हर एक गेंद में हार जीत सम्बंधी रोमांचक आयोजन कुछ ही दिनों बाद होने जा रहा है जिसके संयोजक नरेश चौहान (बिलासपुर संभागीय ब्यूरो INN24), व आयोजक विजय बसंत, विनोद भारद्वाज, अजय बंजारे,मोतीलाल पटेल व साथ ही साथ सहयोगी के रूप में पचासों लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जो कि बढ़ती युवा पीढ़ी को व्यायाम व खेलकूद से जूझने के लिए हर हमेशा तत्पर सहयोगी हैं, युवा पीढ़ी के पसंदीदा खेल क्रिकेट का आयोजन ग्राम पंचायत बोरीदा में बड़ी ही उत्साह से पूरे ग्रामवासी पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं को आमंत्रित कर छुपी हुए कला को उभारने के लिए एक अच्छा मंच तैयार किया जा रहा है। इस मैच में प्रारंभिक शुल्क 701रु. सहयोग के रूप में लिया जा रहा है तो वहीं प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 25000 रु. व विशेष ट्राफी, रनर टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 11000 रु. व मैन ऑफ द सीरीज 1001 रु.व विशेष ट्राफी, मैन ऑफ द मैच 1001 रु. व विशेष ट्राफी, विशेष फील्डर, विशेष गेंदबाज, विशेष दर्शक, विशेष साझेदारी, विशेष अनुशासन को एक विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।

50 किलोमीटर के दूरी से आने वाले टीम के लिए आवास, भोजन की विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। फाइनल मैच में अम्पायर के लिए सुप्रसिद्ध निष्पक्ष निर्णय देने वाले बुद्धजीवी अनुभवी संतोष महंत, त्रिलोक सिंह मैत्री, गोलू चंद्रा को कार्यप्रभार सौपा गया है। विशेष एवं निष्पक्ष निर्णय के लिए रायगढ़ से तथागत श्रीवास्तव, नितिन सिन्हा, अक्षय स्वर्णकार, ऋषिकेश मुखर्जी आमंत्रित किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं जर्नलिस्ट बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवन्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480